293.राजस्थान में मानसून वर्षा किस दिशा में बढ़ती है?

(a) दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व (b) दक्षिण-पूर्व से उत्तर-पश्चिम

(c) उत्तर-पश्चिम से दक्षिण-पूर्व (d) दक्षिण से उत्तर

उत्तर – (c)

RPSC RAS/RTS 2008

व्याख्या – राजस्थान में मानसून वर्षा उत्तर-पश्चिम से दक्षिण-पूर्व दिशा में बढ़ती है। क्योंकि राजस्थान राज्य में वार्षिक वर्षा में क्षेत्रानुसार काफी भिन्नता है।

294. उत्तर-दक्षिण विस्तार जिस जिले का है, वह है –

(a) झालावाड़ (b) भीलवाड़ा

(c) चित्तौड़गढ़ (d) झुन्झुनू

उत्तर : (c)

RPSC RAS/RTS 2009

व्याख्या – उत्तर से दक्षिण विस्तार सबसे अधिक चित्तौड़गढ़ जिले का है, जो उत्तर में कपासन से लेकर दक्षिण में निम्बाहेड़ा तक फैला है।

295. राजस्थान में जून माह में न्यूनतम वायुदाब जिस जिले में सम्भावित है, वह है –

(a) बून्दी (b) बारां (c) जैसलमेर (d) राजसमन्द

उत्तर : (c)

RPSC RAS/RTS 2009

व्याख्या – राजस्थान में हवाएं प्रायः दक्षिण-पश्चिम और पश्चिम की ओर से चला करती हैं। जून महीने में हवाएं सबसे हल्की होती हैं। अतः जैसलमेर में इस समय भयंकर गर्मी पड़ने के कारण न्यूनतम वायुदाब रहता है।

296. धामण, करड़ एवं अंजन है –

(a) राजस्थान में भेड़ों की किस्में

(b) गुजरात के अरण्डी बीज की किस्में

(c) राजस्थान में घास की किस्में

(d) गवरी नृत्य के तीन नायक

उत्तर : (c)

RPSC RAS/RTS 2009

व्याख्या – राजस्थान एक शुष्क मरूस्थलीय क्षेत्र है। यहां के जंगलों में वृक्षों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की घासें पाई जाती हैं। जिनका उपयोग छप्पर बनाने, टटिया बनाने में किया जाता है। धामण, करड़ एवं अंजन राजस्थान में घास की किस्में हैं।

297.निम्न शहरों का औसत मासिक तापमान का वितरण बहुरेख आलेख (i), (ii), (iii) एवं (iv) से दर्शाया गया है –

(a) गंगानगर (b) जयपुर

(c) कोटा (d) माउन्ट आबू



निम्न कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए –

कूट :

(a) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(i), (D)-(iv)

(b) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(iv), (D)-(i)

(c) (A)-(i), (B)-(iii), (C)-(ii), (D)-(iv)

(d) (A)-(iv), (B)-(iii), (C)-(ii), (D)-(i)

उत्तर – (d)

298. राजस्थान के निम्नलिखित जिलों को पूर्व से पश्चिम की ओर सही क्रम से व्यवस्थित करें :

A. बूंदी B. अजमेर

C. उदयपुर D. नागौर

कूट :

(a) A, B, C, D (b) B, A, C, D

(c) A, B, D, C (d) A, C, B, D

उत्तर (c)

RPSC RAS/RTS 2016

व्याख्या- राजस्थान के प्रश्नगत जिलों का पूर्व से पश्चिम की ओर सही क्रम इस प्रकार होगा- बूंदी, अजमेर, नागौर और उदयपुर।

(ii) राजस्थान में प्रमुख मृदा संसाधन

299. राजस्थान के किस भाग में 'एण्टीसोल्स' मृदा पायी जाती है?

(a) पश्चिमी

(b) दक्षिणी

(c) दक्षिणी पूर्वी

(d) पूर्वी

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (a) : वर्ष 1976 में मृदा सर्वेक्षण द्वारा राजस्थान में 5 प्रकार की मृदा का वर्गीकरण किया गया। जो एरिडीसोल, अल्फ़ीसोल्स, एंटीसोल, एन्सेप्टीसोल एवं वर्टिसोल में विभाजित है। एन्टीसोल हल्के पीले एवं भूरे रंग की मृदा है। यह मृदा पश्चिमी राजस्थान के लगभग सभी जिलों में पायी जाती है। एरिडीसोल मृदा चुरु, सीकर, झुंझुनू, नागौर, जोधपुर, पाली और जालौर जिलों में मिलती है।

300. राजस्थान के किस जिले में, जिप्सीफेरम मृदा मिलती है?

(a) अलवर (b) जोधपुर

(c) बीकानेर (d) पाली

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (c) : राजस्थान के बीकानेर जिले में, जिप्सीफेरस मृदा पायी जाती है। इस तरह की मिट्टी पश्चिमी राजस्थान के मरुस्थली प्रदेश में विस्तृत है। इसमें नाइट्रोजन व कार्बनिक लवणों व जैविक पदार्थों का अभाव होता है परन्तु कैल्सियम व फॉस्फेट की मात्रा पर्याप्त होती है। यह मृदा पानी की उपलब्धता पर अच्छी फसल देती है।

301. अल्फीसोल्स मृदा पायी जाती है-

(a) जयपुर, दौसा, अलवर में

(b) कोटा, बारां, बूंदी में

(c) सिरोही, पाली में

(d) जैसलमेर, बाड़मेर में

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B